संरक्षक

श्री श्रीश चन्द्र दीक्षित

मुख्य परामर्शदाता

पूर्व सांसद् व पूर्व पुलिस महानिदेशक

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल

राष्ट्रीय प्रधान

पूर्व सांसद (राज्यसभा), पूर्व पुलिस महानिदेशक

मे.ज.(से.नि.) विश्वास स. जोगलेकर

राष्ट्रीय कार्यकारी प्रधान

संपादक

प्रो० सतीश चन्द्र

संपादक मंडल

डॉ. महेश चन्द्र

देवेन्द्र मित्तल, डॉ. उर्मिल गंभीर

प्रो० श्रीधर पन्त, डॉ. रामशरण गौड़

प्रकाशक व मुद्रक

देवेन्द्र मित्तल *(उपप्रधान)*

प्रकाशन स्थान

संकटमोचन आश्रम, सेक्टर-6, रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली-110022

SUBSCRIPTION RATE

Inland	:	Life Rs. 1000/-
		Annual 120/-
Overseas	:	Life US$ 100
		Annual US$ 10
Per copy	:	£1 $1.50, IRs 20

ADVERTISEMENT TARIFF

Outer Cover	:	**Rs. 15000/-**
Inner Cover	:	**Rs. 12,000/-**
Full Page	:	**Rs. 10,000/-**
Half Page	:	**Rs. 5,000/-**

Payable by MO/Bank Draft/Crossed Cheque in the name of
Sanskritik Gaurav Sansthan
Sankatmochan Aashram, Sector-6,
Ramkrishna Puram, New Delhi-110022

मुद्रण स्थान

एक्सेलप्रिन्ट, सी-36, फ्लैटिड फैक्टरीज़ कॉम्पलैक्स, झण्डेवालान्, नई दिल्ली-110 055

गौरव घोष
GAURAV GHOSH

द्विमासिक
BI-MONTHLY

वर्ष 13 अंक 1 **विषय सूची** **चैत्र-वैशाख 2068 वि. अप्रैल 2011**

संपादकीय - भ्रष्टाचार बनाम तीस्ता जावेद सीतलवाड़		- आवरण -2
हमारी उदात्त संस्कृति	***-आचार्य सत्यनारायण गोयन्का***	2
श्री सत्यसाईं बाबा ब्रह्मलीन		3
सभ्यता-संस्कृति के प्रति दुराग्रह	***-एस.शंकर***	4
शून्य प्रतिष्ठा वाला शासन	***-राजीव सचान***	5
केन्द्रीय सरकार की साख पर सवाल	***-डॉ. ज्ञान प्रकाश पिलानिया***	6
माओवादी खतरे के पीछे लश्कर का दिमाग	***-रविभूषण सिन्हा***	7
यही फर्क है हम में और उनमें		8
डर के डेरे में	***-डॉ. जयश्री जैन***	9
मोदी की राजनीतिक घेरेबंदी	***-अरविंद जयतिलक***	10
सां.गौ.सं. द्वारा पटना में आयोजित संगोष्ठी - एक रपट	***-प्रो. देवेन्द्र प्रसाद सिंह***	11
कलानौर के यवन नवाब का काला कानून - कौला पूजन	***- पं. बी.एन.मुद्गिल***	13
पाठकों के पत्र		16
कविता - नव वर्ष हर्ष वर्ष		16
Multiculturalism is doomed to fail; societies....	***-David Cameron (British P.M.)***	17
Secular India needs uniform civil code	***-Prafull Goradia***	20
God is back, but won't enter politics	***-Utpal Kumar.***	21
A history of crimes against India (A review)	***-M.V.Kamath***	23
Diary of Events, Select Articles, Book Reviews, And Post Cards		24-37

लेखों आदि में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं, सम्पादक मण्डल का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है

OWNER : SANSKRITIK GAURAV SANSTHAN

Phone : 26195368, 26181315 E-mail <sgsdelhi05@gmail.com>

संस्थान की वेबसाइट देखें :- <www.hindusthangaurav.com>

भ्रष्टाचार - बनाम तीस्ता जावेद सीतलवाड़

संस्कृत-हिन्दी के शब्द कोश के अनुसार 'भ्रष्ट' के अनेक अर्थ हैं जैसे-

पतित, नीचे पड़ा हुआ, (2) गिरा हुआ, (3) भटका हुआ, विचलित, (4) वियुक्त, वंचित, निष्कासित, (5) मुर्झाया हुआ, क्षीण, बर्बाद, (6) ओझल, खोया हुआ, (7) दुष्चरित्र, दूषितचरित्र

उपर्युक्त 15 अर्थों से भ्रष्टाचार=भ्रष्ट+आचार अनेक रूपों और प्रकारों में होता है।

इन दिनों यह 'भ्रष्टाचार' मुख्यत: धन-दौलत की घपलेबाज़ी, लूट, गबन, हवाला और विदेशी बैंकों में धन जमा करने के अर्थों में प्रयुक्त हो रहा है।

किन्तु पाठकगण! इस अति गहरे शब्द का अति घिनौना रूप पिछले कई वर्षों से समाज के सामने आया है, किन्तु देश-विरोधी ताकतों ने उस रूप पर पर्दा डाल दिया है जिससे महापापी, महापतित और दुष्चरित्र वाले व्यक्तियों पर आँच न आ सके।

इस प्रसंग में सुनिए - एक छद्म महामानवतावादी, महान्यायवादी और महाशान्ति देवी के कारनामों का सच्चा विवरण

उसका नाम है -तीस्ता जावेद सीतलवाड़

इसने मुंबई में सिटिज़न फॉर पीस एण्ड जस्टिस (Citizen For Peace And Justice) नाम से एक ऊँचे नाम की गैर-सरकारी संस्था बना रखी है। पर उसका पक्वान्न फीका न होकर (ऊँची दुकान, फीका पक्वान) कड़ुवा, कसैला और तीखा है -

स्मरण करा दें कि गोधरा (गुजरात) रेल स्टेशन से थोड़ा आगे श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से साबरमती एक्सप्रेस से लौट रहे 59 कारसेवकों (महिलाओं और बच्चे) को मुसलमानों ने डिब्बे में पेट्रोल डाल कर दिनांक 27 फरवरी 2002 के दिन जीवित जला दिया था। परंतु उन्हें संतोष नहीं हुआ और पूरे गुजरात प्रदेश में निर्दोष हिन्दुओं के उत्पीड़न का ज्वार उठाने का जोरदार यत्न शुरू हुआ, जैसे सन् 1921-24 के दौरान अंग्रेज़ी शासन द्वारा तुर्की में खलीफा को हटाए जाने के बहाने से चलाए गए हिन्दुस्थान में अंग्रेज़ी शासन विरोधी आन्दोलन के विफल हो जाने के बाद देश के नगरों में विशेषत: केरल में मुसलमानों ने हिन्दुओं को मारा-काटा। कांग्रेस की विफलता के कारण हिन्दुस्थान के 5 टुकड़े हो जाने पर इस स्वाधीन भारत नाम के क्षेत्र में पिछले अनेक वर्षों के दौरान कश्मीर, उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, असम में मुसलमान ऐसे कुकृत्यों के लिए और कांग्रेसी तथा सपा की भ्रष्ट सरकारें उनके संरक्षण के लिए कुख्यात हैं।

फरवरी 2002 के पश्चात् जो उत्पात गुजरात में मचा उसमें अनेक निर्दोष पुलिस अधिकारी और हिन्दू केन्द्र सरकार के विशेष अन्वेषण दल (एस.आइ.टी.) ने नाप दिए। उन्हें फँसाने और दण्डित कराने में इस तीस्ता जावेद सीतलवाड़ नामक महिला (हिन्दू नाम से) और इसकी कुख्यात संस्था झूठे हलफनामे (शपथपत्र) विभिन्न न्यायालयों में मुसलमान महिलाओं और पुरुषों द्वारा दायर कराती रही।

देश के उत्तर-पूर्वांचल में तीस्ता नामक एक बड़ी नदी है जो जीवनदायिनी है, किन्तु यह विचाराधीन तीस्ता एक डाकिनी है। **21.4.2011 के 'द पायनियर' दैनिक (दिल्ली) में छपी रपट के अनुसार -**

वडोदरा में घटित बेस्ट बेकरी काण्ड में आग से जले 14 लोगों के जलने की घटना की साक्षी के नाते **शेख यास्मीन बानो** ने 9 संदिग्धों की पहचान की थी, किन्तु अब उसने खुलासा किया है कि तीस्ता जावेद के तत्कालीन सहायक रईस खां के उकसाने पर मैंने मुंबई जाकर सुनवाई कर रहे न्यायालय में झूठी गवाही दी थी और मुंबई में उसे (यास्मीन बानो को) शाही सुविधाएं देते हुए साक्ष्य के पश्चात् अहमदाबाद भगा दिया। तीस्ता जावेद की कृपा से अब वह भूखों मर रही है। यास्मीन बानो ने बताया कि इस झूठी साक्षी की बात उसने अनेक उच्च-स्तरीय हल्कों जैसे भारत के मुख्य न्यायमूर्ति आदि को लिखकर दी किन्तु तीस्ता जावेद सीतलवाड़ मज़े में है क्योंकि उसका कुछ नहीं बिगड़ा। तीस्ता के भ्रष्टाचार में सीधे जुड़े उसके निकटतम सहयोगी **रईस खां** ने बताया है, देखिए- द पायनियर, दिल्ली, दिनांक 7.9.2010

क. तीस्ता सीतलवाड़ ने सब शपथ पत्र अपने मुंबई स्थित कार्यालय में तैयार कराकर रईस खां के माध्यम से गुजरात में हुए दंगों से पीड़ितों के हस्ताक्षर कराए थे और वह (रईस खां) नोटरी से उन्हें (शपथ पत्रों को) अभिप्रमाणित कराता था, किन्तु वे शपथ पत्र कभी किसी शिकायतकर्ता/साक्षी को नहीं दिए गए (तीस्ता सीतलवाड़ का कठोर नियंत्रण)। उन झूठे साक्षियों को प्रत्येक को एक लाख रुपये दिए गए जो भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की राहत निधि से दिए गए (देश विरोधी कार्य करने की छूट के कारण ही ये कम्युनिस्ट पार्टियां अपना नाम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नहीं लिखती अपितु भारत की कम्युनिस्ट पार्टी लिखती हैं। तीस्ता जी की अठखेलियां अभी शेष हैं।

दिनांक 7.12.2010 के 'द पायनियर' दिल्ली के अनुसार -

महेसाणा जिले के सरदारपुरा में 29 लोग मारे बताए गए हैं। तीस्ता जावेद सीतलवाड़ ने इस मामले में भी (रईस खां के अनुसार) सब साक्षियों के शपथ पत्र मुंबई में अपने कार्यालय में जाली बनाए थे, जैसा कि उसने (तीस्ता ने) नरोडा गाम, अहमदाबाद मामले में किया था।

सत्र न्यायाधीश (सेशन्स जज) अहमदाबाद न्यायालय ने झूठ शपथ पत्र बनाने के लिए आरोप में तीस्ता के तथा रईस खां आदि के विरुद्ध प्रथम सूचना रपट (एफ.आई.आर.) दर्ज करने के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ साक्षियों ने उनके द्वारा (उनकी तरफ से) दायर शपथ पत्रों की इबारत की जानकारी से इन्कार किया है।

वाह तीस्ता - आपकी बहादुरी बेमिसाल है। आपने (**'हिन्दू वायस' मासिक, जनवरी 2011 पृष्ठ-27, मुंबई**) जिनेवा में स्थित मानव अधिकार आयोग को (अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी) को 5 अक्टूबर और 7 अक्टूबर 2010 को दो पत्र लिखकर गोधरा दंगों के चालू मामलों के

शेष भाग पृष्ठ 3 पर

गौरव घोष

संगठन में ही शक्ति है।

Gaurav Ghosh

हमारी उदात्त संस्कृति

–आचार्य सत्यनारायण गोयन्का

सभ्यता–संस्कृति के प्रति दुराग्रह

–एस.शंकर

शून्य प्रतिष्ठा वाला शासन

–राजीव सचान

केन्द्रीय सरकार की साख पर सवाल

–डॉ. ज्ञान प्रकाश पिलानिया

डर के डेरे में

–डॉ. जयश्री जैन

मोदी की राजनीतिक घेरेबंदी

–अरविंद जयतिलक

सांस्कृतिक गौरव संस्थान द्वारा पटना में आयोजित संगोष्ठी – एक रपट

– प्रो. देवेन्द्र प्रसाद सिंह

कलानौर के यवन नवाब का काला कानून – कौला पूजन

– पं. बी.एन.मुद्‌गिल



Multiculturalism is doomed to fail; societies need a national identity

-David Cameron (British P.M.)

Secular India needs uniform civil code

-Prafull Goradia

God is back, but won’t enter politics

-Utpal Kumar

A history of crimes against India (A review)

-M V Kamath

Diary of Events, Select Articles Book Reviews and Post cards

“धर्मेण हीना: पशुभि: समाना:”

चैत्र–वैशाख 2068 वि. युगाब्द 5113 अप्रैल 2011	द्विमासिक **सांस्कृतिक गौरव संस्थान पत्रिका**	**वर्ष 13** **अंक 1**

हमारी उदात्त संस्कृति

डॉ. सत्यनारायण गोयन्का, विपश्यनाचार्य

किसी ने मुझे विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष श्री अशोक सिंहल जी द्वारा लिखित पुस्तक 'श्रीमद्भगवतगीता ही आदि मनुस्मृति' की एक प्रति भेजी। पढ़ कर मन आल्हादित हो उठा। आजकल की प्रचलित मनुस्मृति को उनके द्वारा अस्वीकृत किया गया, यही अपने आपमें बहुत महत्वपूर्ण थी।

सचमुच 'मनुस्मृति' ही एक पुस्तक है, जिसके कारण भारत के दो बड़े समुदायों में इतना बड़ी कटुतापूर्ण विग्रह उठ खड़ा हुआ, जिससे देश की बहुत बड़ी हानि हुई। इसके कारण ही भारतरत्न बाबासाहेब अम्बेडकर को इस पुस्तक को सार्वजनिक रूप से जलाने का निर्णय लेना पड़ा।

श्री सिंहल जी द्वारा वर्तमान मनुस्मृति को नकारा जाना ही मेरे लिए उल्लास का कारण बना। उनकी उपरोक्त पुस्तक पढ़कर मेरे निकट संपर्क में आने वाले 'विश्व हिन्दू परिषद' के सहसचिव (अब उपाध्यक्ष) विपश्यी बालकृष्ण नायक को मैंने जो पत्र लिखा, उसका मुख्य अंश इस प्रकार है-

लोक-प्रचलित 'मनुस्मृति' ने हमारे समाज में ऊँच-नीच का जो अमानुषिक, अनैतिक और अधार्मिक विभाजन का गर्हित विधान प्रस्तुत किया, उसे मन-ही-मन गलत समझते हुए भी अपने यहाँ का कोई नेता खुल कर इसका विरोध नहीं कर सका। कम से कम ऐसा मेरे देखने में तो नहीं आया, बल्कि अपने यहाँ के एक शीर्षस्थ नेता ने तो इसे लोगों की भावना का प्रतीक बताया और इस प्रकार इसे न्यायपूर्ण और मान्य सिद्ध करना चाहा, जो कि मुझे अत्यंत अनुचित ही नहीं, दु:खद प्रतीत हुआ। **श्री अशोक सिंहल जी ने इस दिशा में सही कदम उठाया है और मौजूदा मनुस्मृति को गलत साबित कर, समाज-कल्याण का अत्यंत प्रशंसनीय काम किया है।**

किसी विशिष्ट जाति की माता की कोख से जन्म लेने मात्र से किसी व्यक्ति को उच्च और महान मान कर पूजें, भले वह तमोगुणी हो और निकृष्टकर्मी हो और किसी अन्य जाति की मां की कोख से जन्म लेने मात्र से किसी व्यक्ति को नीच और अस्पृश्य मानें, भले वह सतोगुणी हो और उत्कृष्टकर्मी हो। यह विचारधारा हमारी गौरवमयी उदात्त मानवी संस्कृति की धवल विमल चादर पर ऐसी कलंक-कालिमा है, जो किसी भी राष्ट्रप्रेमी का सिर लज्जा से नीचा करती है। इस कलंक-कालिमा को दूर किए बिना हम अपना सिर ऊँचा नहीं उठा सकते।

यह कितनी अमानुषिक विचारधारा है कि किसी पालतू कुत्ते, बिल्ली, गाय, बैल और घोड़े आदि पशु को अथवा तोते, मैना आदि पक्षी को छू कर, सहला कर, पुचकार कर, थपथपा कर हम अपवित्र नहीं हो जाते, परन्तु नहा-धो कर स्वच्छ हुए और सदाचार का जीवन जीते हुए किसी मानवपुत्र को छूने से ही नहीं, उसकी छाया पड़ने से भी हम अपवित्र हो जाते हैं। इन पशु-पक्षियों के प्रवेश से हमारे मंदिर, देवालय अपवित्र नहीं हो जाते परन्तु एक स्वच्छ मानव पुत्र के प्रवेश से अपवित्र हो जाते हैं। यह कैसी विडंबनाभरी विकृत मानसिकता है। इसके रहते हम कैसे गर्व कर सकते हैं अपनी गौरवमयी उदात्त संस्कृति पर।

इसी प्रकार राष्ट्रहित के लिए उचित यही है कि आधुनिक काल में प्रचलित मनुस्मृति के प्रकाशन और वितरण पर रोक लगा दी जाए और अपने धर्म-ग्रंथों में जहाँ-जहाँ जात-पात को, ऊँच-नीच को, छूत-अछूत को बढ़ावा देने का वर्णन है अथवा जो भी अन्य अशोभनीय धर्मविरोधी वर्णन हैं, उन्हें क्षेपक कह कर निकाल दिया जाए। निकाल न सके तो आम जनता तक यह संदेश तो पहुँचे कि हमारे धर्म-ग्रंथों में यह जो अनुचित बातें आई हैं, वे सब क्षेपक हैं। हमें मान्य नहीं है। **श्री सिंहल जी ने बिल्कुल ठीक लिखा है कि पुष्यमित्र शुंग के शासन काल में तथा तत्पश्चात, धर्म के नाम पर ऐसे साहित्य की रचना हुई जो हमारी गौरवमयी संस्कृति के लिए शोभनीय नहीं है।** श्री सिंहल जी की पुस्तक पढ़ कर मेरे में आह्लाद उमड़ा उसका कारण यही था कि हमारे देश के एक प्रतिष्ठित नेता द्वारा किसी गलत मान्यता को सुधारने की सही प्रकार की पहल तो हुई। मैं यह भी खूब समझता हूँ कि कुछ कट्टरपंथी लोग उनका विरोध भी करेंगे। **ऐसे विरोध का सामना श्री सिंहल जी जैसा सबल नेता ही कर सकता है।** समाज व राष्ट्र को जोड़े रखने के लिए इस प्रकार के अन्य कई लोकहितकारी कदम उठाने आवश्यक हैं। **इस दिशा में यह जो महत्वूपर्ण कदम उठा है वह अत्यंत सराहनीय है।** इस कल्याणकारी पहल को बढ़ावा मिले, इस निमित्त मेरी प्रबल मंगल कामना है, शुभाशीष है।

'नई दुनिया' इन्दौर, दिनांक 27 मार्च 2011 से साभार

अर्थमिद् वा उ अर्थिन आ जाया युवते पतिम्

तुञ्जाते वृण्यं पय: परिदाय रसं दुहे वितं त्तं अस्य रोदसी।

हर व्यक्ति को वह वस्तु अवश्य मिलती है जिसे वह वास्तव में पाना चाहता है और जिसके लिए वह पूर्ण निष्ठा तथा धैर्य से पाने को जुटा रहता है।

ऋग्वेद 1-105-2

(श्री सुरेन्द्र पटेल; राज्यसभा सांसद् की पुस्तक 'वेदाज़' तापस फाउंडेशन, श्रीलेखा भवन, पालड़ी ग्राम अहमदाबाद, से साभार)

श्री सत्य साईं बाबा ब्रह्मलीन

श्री सत्य साईं बाबा का जन्म 23 नवम्बर 1926 सोमवार को ब्रह्ममुहूर्त में हुआ था। वे आन्ध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के अति दूरस्थ और अल्पविकसित गाँव पुट्टापर्थी में जन्मे थे। वे पिता पेदू वेंकप्पाराजू एवं मां ईश्वराम्मा की आठवीं संतान थे। कहते हैं कि जिस क्षण नवजात शिशु के रूप में श्री सत्य ने जन्म लिया, उस समय घर के सभी वाद्ययंत्र स्वत: बजने लगे और एक रहस्यमय नाग (सर्प) बिस्तर के नीचे से फन निकालकर छाया करता पाया गया था।

उनकी माता द्वारा सत्यनारायण भगवान की पूजा का प्रसाद ग्रहण करने के बाद शिशु का जन्म हुआ था, अत: नवजात का नाम सत्यनारायण रखा गया। सत्यनारायण (सत्य) की प्रारंभिक शिक्षा पुट्टापर्थी के प्राइमरी स्कूल में हुई थी। आठ वर्ष की अल्प आयु से ही सत्य ने सुंदर भजनों की रचना शुरू की।

वे बचपन से ही प्रतिभासंपन्न थे। चित्रावती के किनारे ऊँचे टीले पर स्थित इमली के पेड़ से साथियों की मांग पर विभिन्न प्रकार के फल व मिठाइयां सृजित करते थे। यह इमली का वृक्ष आज भी है।

23 मई 1940 को 14 वर्ष की आयु में सत्या (बाबा) ने अपने अवतार होने का उद्घोष किया। उन्होंने कहा **मैं शिव शक्ति स्वरूप, शिर्डी साईं का अवतार हूँ।** इसके प्रमाणस्वरूप उन्होंने मुट्ठीभर चमेली के फूलों को हवा में उछाल दिया, जिनसे धरती पर गिरते ही तेलुगु अक्षरों में 'साईं बाबा' लिख गया।

20 अक्टूबर 1940 को उन्होंने अपना घर छोड़ दिया और घोषणा की कि भक्तों की पुकार उन्हें बुला रही है और उनका मुख्य कार्य उनकी प्रतीक्षा कर रहा है।

सत्य साईं ने पुट्टापर्थी में प्रशांति निलयम् आश्रम (प्रशांत निलयम का अर्थ है शांति प्रदान करने वाला स्थान) की स्थापना की, उसमें प्रतिदिन सत्य साईं बाबा के भक्त दूर-दूर से उनका आशीर्वाद लेने आते हैं। उसकी स्थापना और उद्घाटन बाबा के 25वें जन्मदिन पर 1950 में उन्हीं के द्वारा किया गया। वर्तमान में यह आश्रम अध्यात्मिक ज्ञान-जागृति केन्द्र के रूप में विकसित है।

यहाँ देश ही नहीं विश्वभर के 166 देशों से लाखों की संख्या में विभिन्न धर्मों और मतों को मानने वाले सत्य साईं बाबा के दर्शन करने आते थे। उनके प्रति आस्था का प्रवाह इतना अधिक था कि देश-विदेश में बसे कई साईं भक्तों के घरों में देवी-देवताओं की मूर्तियों तथा चित्रों से विभूति, कुमकुम, शहद, रोली, शिवलिंग आदि प्रकट होते देखे गए हैं।

साईं बाबा ने बहुत-सी शिक्षण संस्थाएं, चिकित्सालय तथा अन्य मानव सेवा के काम खड़े किए। प्रशांत निलयम् में विश्वस्तरीय चिकित्सालय तथा अनुसंधान केन्द्र हैं।

साईं बाबा का कहना था कि व्यक्ति चाहे किसी भी मत को माने पर निष्ठा के साथ अपने धर्म का पालन करे, दूसरे धर्म का सम्मान करे। अलग-अलग नाम होने पर भी परमात्मा एक है। अपने जीवन में अच्छे व्यवहार और नैतिकता को कठोरता से पालन करना चाहिए। सच्चा भक्त वही है जो भगवान की प्रसन्नता में अपनी प्रसन्नता मानता है।

ऐसे महामानव को हमारी श्रद्धांजलि।

गौरव घोष परिवार

विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष श्री अशोक जी सिंहल का शोक सन्देश

भगवान श्री सत्य साईं बाबा का ब्रह्मलीन होना अत्यंत दु:खदायी घटना है। भगवान की रिक्तता की कभी कल्पना भी नहीं की थी। यह अकल्पनीय आघात है।

मैंने इनके विराट रूप का दर्शन किया है। उनसे अत्यंत निकट सम्बन्ध होने के कारण उनके भगवद्-अवतार और धर्म-संस्थापना कार्य को लगातार अनुभव करता आया हूँ। मेरा विश्वास है कि भगवान अब यह कार्य अदृश्य रूप से करते रहेंगे।

'हिन्दू चेतना' (पाक्षिक) 1 से 15 मई 2011, झण्डेवाला देवी मंदिर, नई दिल्ली से साभार

संपादकीय - 'भ्रष्टाचार बनाम तीस्ता सीतलवाड़' कवर पृष्ठ 2 का शेष भाग

सम्बन्ध में अपनी शिकायतें भेजीं। इस प्रकार देश की न्यायपालिका की विदेशों में बदनामी करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने इस हिन्दुस्थान विरोधी महिला को फटकार लगाई (3 दिसम्बर 2010 की हिन्दू वायस में प्रकाशित रपट)।

आप धन्य हैं तीस्ता जी। आपने अपने देशभक्त पिता को भी धन्य कर दिया और उनकी देशभक्ति का जनाज़ा निकाल दिया। आपने हिन्दू समाज को कलंकित कर दिया। वैसे आपने नाम भी बदला जो अब है - **'तीस्ता जावेद सीतलवाड़'** क्योंकि मुसलमान से निकाह करके आप उनके लिए काम कर रही हैं। यद्यपि आप जिनकी थी, उनकी न हो सकी तो मुसलमानों की क्या होंगी?

सुझाव है कि आप मक्कारी, धूर्तता, जालसाज़ी, कृतघ्नता, घपलेबाज़ी, षड्यंत्र आदि के प्रशिक्षण के लिए अकादमी खोल लें तो बहुत सफल रहेंगी। सिटिज़न्स फॉर जस्टिस एण्ड पीस का नाम बदलकर सिटिज़न्स फॉर जिग्गरी (Jiggery) एण्ड प्लॉय (Ploy) रखा जा सकता है।

संपादक मण्डल

सभ्यता-संस्कृति के प्रति दुराग्रह

*-एस.शंकर**

पिछले दिनों एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय में किसी विषय का पाठ्यक्रम तैयार करने पर मीटिंग हो रही थी। उसमें एक बिन्दु था-भारत में मानवतावादी परंपरा। एक प्रोफेसर ने प्रस्तावित किया कि इसके अंतर्गत लिखा जाए, 'बौद्ध, जैन, इस्लामी तथा सूफी विचार'। दूसरे प्रोफसर ने चिंता जताई, 'तब तो हिन्दू भी लिखना पड़ेगा?' वह हिन्दू जोड़ना नहीं चाहते थे। तब प्रस्तावक ने उत्तर दिया, 'हिन्दू धर्म या विचार जैसी कोई चीज़ नहीं थी।' दूसरे प्रोफेसर ने फिर आशंका व्यक्त की, 'मगर बौद्ध धर्म से पहले भारत में रहे चिंतन-विचार का भी उल्लेख करना होगा?' पहले प्रोफेसर ने बेफिक्री से कहा, 'अच्छा तो लिख दो, अर्ली इंडिया।' इस प्रकार, भारत में मानवतावादी परंपरा का क्रम इस प्रकार लिखा गया, **'अर्ली इंडिया, बुद्धिस्ट, जैन, इस्लामिक एंड सूफी।' अर्थात, जो स्थान हिन्दू या सनातन धर्म को देना था वहाँ काल-संबंधी नाम दिया गया,** जबकि दूसरे धर्मो वाले स्थान में धर्म-संबंधी नाम ही दिए गए। वहाँ मेडिवल, लेटर-मेडिवल या प्री-मॉर्डन आदि लिखकर 'अर्ली इंडिया' वाला काल-क्रम नहीं रखा गया। अंतत: वही पाठ्यक्रम बन गया। पाठ्यक्रम समिति में देश भर से शामिल एक दर्जन प्रोफेसरों को इसमें कुछ भी अटपटा या दुराग्रही न लगा। भारत में हिन्दू-विरोधी बौद्धिकता के दबदबे का यह नमूना आज का है।

आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि आज भारत के उच्च शिक्षार्थी भी अपने ही देश के दर्शन, इतिहास और संस्कृति से निपट अनजान हैं। यह इतने लंबे समय से चल रहा है कि बड़ी कुर्सियों पर विराजमान अधिकारी, बुद्धिजीवी और प्रोफेसर भी नितांत विखंडित दृष्टि रखते हैं। प्राय: विद्यार्थियों को इतिहास पढ़ाने के बजाय उनसे इतिहास छिपाया जाता है, ताकि भोले छात्रों को एक विशेष मतवाद में दीक्षित किया जा सके। उदाहरण के लिए एक इतिहास पुस्तक में बिना कोई जानकारी दिए वेदों के प्रति दुर्भावना भरी गई है। **पुस्तक में जगह-जगह लिखा है, 'वेद कर्मकांडीय पुस्तक है', तो कहीं यह भी कि 'वेदों के प्रभुत्व को चुनौती दी गई।' मानो, वेद कोई दुष्ट सरदार थे। इसी पुस्तक के एक अध्याय का शीर्षक है, 'महाभारत का आलोचनात्मक अध्ययन' जिसमें चुन-चुन कर ऐसी कथाएं विचित्र भाव से दी गई हैं जिससे महाभारत का कुछ ज्ञान नहीं होता। केवल उसके प्रमुख पात्रों, तत्कालीन समाज और विचारों के प्रति वितृष्णा बनती है।**

भारतीय सभ्यता-संस्कृति के प्रति ऐसे इतिहासकारों का दुराग्रह तब स्पष्ट होता है जब वे अरब-इस्लाम का इतिहास लिखते हैं। **उदाहरण के लिए विश्व इतिहास की एक पाठ्य-पुस्तक में एक-तिहाई सामग्री बाकायदा इस्लाम और उसके विस्तार पर दी गई है। श्रद्धा-प्रशंसा से ओत-प्रोत उस भारी भरकम सामग्री में आरंभ में ही साफ लिखा है कि हमारी समझ पैगंबर की जीवनी, कुरान और हदीस पर आधारित है।** अर्थात, जिस रूप में इस्लामी किताबें अपने को पेश करती हैं, प्रोफसरों ने उसे आदर एवं अतिरिक्त अनुशंसा भाव से विद्यार्थियों तक पहुँचा दिया जाता है। कहीं उस 'आलोचनात्मक अध्ययन' का नामो-निशान नहीं, जो महाभारत के लिए लिख कर घोषित किया था। 'वेदों के प्रभुत्व' की तरह कहीं कुरान के प्रभुत्व पर आक्रोश प्रेरित करने का जतन भी नहीं। उलटे प्रोफेसरों ने दर्जनों तस्वीरों, रेखाचित्रों, मानचित्रों के माध्यम से इस्लाम की खूबियों, महानता और शान का इतना लंबा बखान किया है कि लगता है कि **यह विश्व इतिहास की पाठ्य-पुस्तक नहीं, बल्कि किसी को इस्लाम में मतांतरित करने के लिए लिखा गया तबलीगी साहित्य हो। इतिहासकारों की यह पूरी श्रद्धा-भंगिमा बाबर के बारे में इस उक्ति से झलक सकती है कि उसने भारत में मुगल साम्राज्य की नींव रखी।** मानो किसी बगीचे या पुस्तकालय की नींव रखने का कार्य किया हो। पुस्तक में इस्लामी साम्राज्य विस्तार के लिए विभिन्न देशों पर चढ़ाई, सदियों तक हुए नरसंहार, जिहाद, जबरन मतांतरण आदि मोटी बातों तक का उल्लेख नहीं है।

ये प्रोफेसर कोई चुने हुए अपवाद नहीं है। भारत में समाज विज्ञान और मानविकी विषयों में इसी बौद्धिकता का एकाधिकार है। इसीलिए जो प्रोफेसर हिन्दू ग्रंथों, शास्त्रों, नीतिकारों, राज्य-व्यवस्था आदि पर शत्रुता भाव से लिखते हैं, वही इस्लामी किताबों, विचारों, पैगम्बर, उनके युद्धो, प्रसंगों, राज्य व्यवस्था, रिवाज़ों और साम्राज्य विस्तार आदि पर लिखते हुए एकदम उलट कर श्रद्धा और स्वीकृति की मूर्ति में बदल जाते हैं। नि:संदेह यह कोई विद्वत लेखन नहीं कि दो प्रकार के ग्रंथों, विश्वासों, राज्य-व्यवस्थाओं के बारे में दो विपरीत मानदंड अपनाए जाएं।

समाज विज्ञान शिक्षा को मतवादी प्रचार बना देने में राजनीति की बड़ी भूमिका है। इसलिए बुद्धिजीवी खुले विचार-विमर्श और मुक्त चिंतन के कट्टर विरोधी रहे हैं। वे देशभक्तिपूर्ण या हिन्दू भाव से लिखे अच्छे लेखन को भी निंदित करते हैं। उनमें स्वदेशी भाव की पुस्तकों, लेखों के प्रति तीखी नाराज़गी रहती है। वे मौलिक शोध या लेखन से अधिक 'तुम्हारी पॉलिटिक्स क्या है, पार्टनर' वाली घातक मानसिकता में जीते हैं। कोई लेखन, विश्लेषण उन्हें नहीं रुचता, यदि वह उनके लिए राजनीति संगत न हो।

इस चिंताजनक स्थिति को पहचानना और परखना ज़रूरी है। हमारे देश में प्रचलित समाज विज्ञान पुस्तकों की मूल्यवत्ता तुरंत समझ में आ जाएगी, यदि दूसरे उन्नत देशों, समाजों की इतिहास, राजनीति संबंधी पाठ्य-पुस्तकों से इसकी तुलना करें। तब साफ झलकेगा कि **हमारे देश का समाज विज्ञान मुख्यत: अपने ही देश के धर्म, सभ्यता, संस्कृति के प्रति वितृष्णा भरने का काम करता है। हर हाल में, समाज विज्ञान और मानविकी विषयों की शिक्षा को सचमुच हितकारी बनाने के लिए हिन्दू विरोधी मतवाद की गिरफ्त से मुक्त करना आवश्यक है।**

***(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

'दैनिक जागरण', दिल्ली, दिनांक 21 फरवरी 2011 से साभार

शून्य प्रतिष्ठा वाला शासन

*-राजीव सचान**

पीजे थॉमस को केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त नियुक्त करने के मामले में प्रधानमंत्री द्वारा अपनी जिम्मेदारी स्वीकार कर लेने के बाद सत्तापक्ष के साथ-साथ विपक्ष का रवैया 'अंत भला तो सब भला' वाला है। यह तब है कि जब प्रधानमंत्री ने न तो क्षमा मांगी और न ही उन परिस्थितियों को उजागर किया जिनके तहत विपक्ष की आपत्ति के बावजूद थॉमस को सीवीसी बनाया गया। इस मामले में प्रधानमंत्री ने जिस गोलमोल तरीके से कथित तौर पर अपनी गलती मानी वह न तो उनके बड़प्पन का परिचायक कही जा सकती और न ही उनके प्रायश्चित्त का। सच्चाई यह है कि उनके सामने अपनी जिम्मेदारी कबूल करने के अलावा और कोई उपाय नहीं था, क्योंकि वह न तो उच्चतम न्यायालय के निर्णय को चुनौती देने की स्थिति में थे और न ही अपनी गलती किसी और पर मढ़ने की स्थिति में। थॉमस की नियुक्ति के मामले में उच्चतम न्यायालय का क्या निर्णय होगा, यह दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ था। बावजूद इसके प्रधानमंत्री और उनकी पूरी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। यदि तभी गलती मान ली जाती जब सरकार को उच्चतम न्यायालय को जवाब देते नहीं बन रहा था तो उसकी प्रतिष्ठा इस तरह ध्वस्त नहीं होती। **कुछ समय पहले प्रधानमंत्री ने स्वयं यह माना था कि घपलों-घोटालों के कारण केन्द्र सरकार जनता की नज़रों से उतर रही है, लेकिन अब तो वह स्वयं भी जनता की नज़रों से उतर चुके हैं।** वह प्रधानमंत्री पद पर आसीन रह सकते हैं, लेकिन उनकी प्रतिष्ठा बहाल होने के कहीं कोई आसार नहीं है।

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पिछले सात वर्षों का कार्यकाल और उनकी कार्यशैली इसकी गवाह देती है कि वह न तो भ्रष्ट तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने में सक्षम हैं और न ही उस व्यवस्था को सुधारने का इरादा रखते हैं जो भ्रष्ट तत्वों को संरक्षण दे रही है। जब बोफोर्स दलाल ओट्टावियो क्वात्रोची के लंदन स्थित खातों से पाबंदी हटाई गई थी तो पूरी सरकार ने ऐसा जाहिर किया था कि उसे तो पता ही नहीं कि यह काम किसने किया? जब संसद में हंगामा मचा तो प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि वह सच्चाई का पता लगाएंगे और दोषियों को दंडित करेंगे। ऐसा आज तक नहीं हुआ और उल्टे खुद प्रधानमंत्री ने कहा कि बिना सबूत इस तरह किसी (अर्थात् क्वात्रोची) को परेशान करने से देश की बदनामी होती है। हालांकि अब कांग्रेस और केन्द्र सरकार सगर्व यह कह सकती है कि देखिए अब तो अदालत ने भी एक खूबसूरत मोड़ का हवाला देकर क्वात्रोची के खिलाफ मामला बंद करने को कह दिया है, लेकिन सच्चाई यह है कि यह बेहद बदसूरत और शर्मिंदा करने वाला मोड़ है। **भारतीय शासन प्रणाली को इससे शर्मसार होना चाहिए कि दलाली लेने-देने के पुख्ता सबूत होने के बावजूद दलालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी।**

मनमोहन सिंह ने सच्चाई की तह तक पहुँचने का आश्वासन तब दिया था जब उनकी सरकार के विश्वास मत प्रस्ताव के समय संसद में नोटों के बंडल दिखाए गए थे। इस मामले की सच्चाई अभी भी दफन है और उसके सामने आने के बारे में सोचा भी नहीं जाना चाहिए।

इसके बाद मनमोहन सिंह का दूसरा कार्यकाल आया और घोटालों की झड़ी लग गई। हालांकि वह खुद यह जान और देख रहे थे कि राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों के नाम पर किस्म-किस्म के घोटाले हो रहे हैं, लेकिन किन्हीं अज्ञात कारणों से वह मौन बने रहे हैं। अब उनके तहत काम करने वाली सीबीआई जांच के नाम पर नौटंकी कर रही है। परिणाम यह है कि सुरेश कलमाड़ी सीना ठोककर कह रहे हैं कि मैंने कुछ गलत नहीं किया। राष्ट्रमंडल खेल खत्म होने के बाद कम से कम 70 ऐसी खबरें आ चुकी हैं कि जो कलमाड़ी के काले कारनामों की कहानी कहती हैं, लेकिन कोई नहीं जानता कि उनकी गिरफ्तारी कब होगी? कलमाड़ी के साथ सीबीआई का व्यवहार यह बताता है कि **इस देश में दो कानून हैं-एक कलमाड़ी जैसे लोगों के लिए और दूसरे आम आदमी के लिए।** अब इसमें संदेह नहीं कि यदि प्रधानमंत्री का वश चलता तो 2जी स्पेक्ट्रम घोटाले की जांच तो दूर रही, उनकी सरकार यह भी नहीं मानती कि कोई घोटाला हुआ है। **आखिर यह तथ्य है कि खुद प्रधानमंत्री ने ए राजा को क्लीनचिट दी थी।** यह भी स्पष्ट है कि यदि केन्द्र सरकार का वश चलता तो वह काले धन के मामले को महज टैक्स चोरी का मामला बताकर देश को गुमराह करती रहती। यह लगभग तय माना चाहिए कि केन्द्र सरकार बालकृष्णन के मामले में तब तक मौन साधे रहेगी जब तक उसे चुप्पी तोड़ने के लिए विवश नहीं किया जाएगा।

यह देखना कितना दयनीय है कि कथित तौर पर नेक इरादों वाले प्रधानमंत्री ने उच्च पदों पर कैसे-कैसे लोगों को नियुक्त किया? बीएस लाली, पीजे थॉमस और केजी बालकृष्णन तो सिर्फ वे नाम हैं जो किन्हीं कारणों से सतह पर आ गए। इस पर भी गौर करें कि किस तरह नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को धमकाने और लांछित करने की कोशिश की गई और किस प्रकार यह कहकर उच्चतम न्यायालय को भी दबाव में लाने की कोशिश की गई कि उसे नीतिगत मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। जिस सीबीआई के कारण प्रधानमंत्री पर न जाने कितनी बार संसद में और संसद के बाहर लांछन लगे उसे वास्तव में स्वायत्त बनाने के बारे में कहीं कोई हलचल नहीं हो रही है। भले ही प्रधानमंत्री समय-समय पर शासन तंत्र को सक्षम और पारदर्शी बनाने की आवश्यकता पर बल देते रहते हों, लेकिन तथ्य यह है कि खुद उनकी सरकार बड़े जतन से दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग की रपट दबाए हुए है। आखिर जब शासन का मुखिया ही प्रशासनिक सुधार आयोग की रपट दबाए बैठा हो तब फिर शासन में सुधार की उम्मीद कैसे की जा सकती है? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि जिस प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा तार-तार हो उसकी सरकार प्रतिष्ठित कैसे हो सकती है?

***(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडीटर हैं)**

'दैनिक जागरण' दिल्ली, दिनांक 8 मार्च 2011 से साभार

केन्द्रीय सरकार की साख पर सवाल?

डॉ. ज्ञान प्रकाश पिलानिया

आज, भ्रष्टाचार देश में आम हो गया है। केन्द्रीय सरकार पिछले कुछ दिनों से लगातार भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर घिरती चली आ रही है। भ्रष्टाचार के घोटालों के कारण केन्द्र की सरकार छवि गिरती देख, भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कहीं कहीं हाथ-पैर भी मार रही है, तो कभी-कभी अपने बचाव में कई तरह के तर्क भी दे रही है। मगर, **भ्रष्टाचार और अखंड लूट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भ्रष्टाचार पूरी व्यवस्था का अभिन्न अंग बन गया है। एक लम्बे अरसे से देश भ्रष्टाचार का दंश झेल रहा है। दुनिया में हमारी छवि बिगडती जा रही है।** मगर, निराशाजनक यह भी है कि देश में जब भी भ्रष्टाचार के मामले चर्चित होते हैं, केन्द्र सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए बातें तो बड़ी-बड़ी करती नज़र आती है लेकिन कुछ किया जाना चाहिए वैसा करने से जी चुराती है। परिणामस्वरूप भ्रष्ट तत्त्वों का दुस्साहस और हौसला बढ़ता ही जा रहा है। भ्रष्टाचार समाप्त होने के बजाय कई गुना बढ़ गया है। पहले सैंकड़ों और हज़ारों के भ्रष्टाचार होते थे अब तो अरबों और खरबों में भ्रष्टाचार हो रहा है। **जितने घोटाले इस सरकार के राज्य में एक साथ हुए हैं अभी तक किसी सरकार के राज्य में नहीं हुए। इस सरकार ने जनता के पैसे की जैसे लूट मचाई है, उससे भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं।**

देश में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ता गया मगर सरकार गहरी नींद में सोती रही। उच्चतम न्यायालय ने बार-बार फटकार लगाते हुए सरकार को जगाने की कोशिश की, सोने नहीं दिया। **उच्चतम न्यायालय ने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेल पर देश में बहुत भ्रष्टाचार है और हम अपनी आँखें मूंदकर नहीं बैठ सकते। कुछ तो करना ही पड़ेगा।'** परिणामत: आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश कलमाड़ी को इस्तीफा देना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, 'राजा अब तक मंत्री पद पर क्यों बने हुए हैं? दबाव में आयी सरकार ने ए.राजा से, जिसने 2जी स्पैक्ट्रम आवंटन में सरकारी खजाने को 1.76 लाख करोड़ रुपये का चूना लगाया, इस्तीफा लिया। उसी प्रकार शहीदों के परिजनों के लिए बनी इमारत में परिजनों को तो नहीं, पर नौकरशाहों और राजनीतिज्ञों को फ्लैट आवंटन की किरकिरी के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण से इस्तीफा लिया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीवीसी पद पर नियुक्त अवैध घोषित करने पर, थॉमस को जाना पड़ा और प्रधानमंत्री की पुन: किरकिरी हुई। **कालाधन माफिया हसन अली के मामले में ढिलाई पर तो सुप्रीम कोर्ट ने डाँट पिलाई, ''व्हाट दी हैल इज़् गोईंग ऑन इन दिस कंट्री।'' देश में, आखिर यह लूट का सिलसिला, कब तक चलेगा।** एक के बाद एक कई खुलासों और अदालती सक्रियता ने केन्द्रीय सरकार की छवि को तार-तार कर दिया। दि. 17 मार्च 2011 को अंग्रेज़ी के अखबार 'द हिन्दू' में विकीलीक्स के एक खुलासे के कारण पिछली यू.पी.ए. सरकार के विश्वासमत के दौरान हुए **'वोद के बदले नोट' घोटालों की गूंज तीन साल बाद संसद के दोनों सदनों में फिर सुनाई दी।** विपक्ष ने एकजुट होकर 2008 में हुई सांसदों की खरीद-फरोख्त को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए, प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के इस्तीफे की मांग की। भ्रष्टाचार और घोटालों के नंगे नाच से भारत की जनता पहले से ही सदमें में है, अब जूलियन असांज की **विकीलीक्स ने डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार की बची-खुची इज्जत को भी खूंटी पर टांग दिया है। विकिलीक्स ने कहा है कि 22 जुलाई 2008 को भारत-अमेरिका के बीच परमाणु समझौते के मुद्दे पर, हुए विश्वास मत में सरकार बचाने के लिए सांसदों को रिश्वत दी गई थी।** इस सिलसिले में कांग्रेस नेता सतीश शर्मा के कथित सहयोगी नचिकेता कपूर का नाम लिया गया है। विकिलीक्स ने बताया है कि सतीश शर्मा का सहयोगी घर में अमेरिकी राजनयिक को तिजोरी में रखे 60 करोड़ रुपये दिखाता है और कहता है कि ये परमाणु संधि के पक्ष में वोट डालने के लिए सांसदों को देने हैं। आरोप है कि रालोद के सांसदों को इसके लिए 10-10 करोड़ रुपये दिए गए। अमेरिकी दूतावास द्वारा 17 जुलाई 2008 को यह गुप्त संदेश स्टेट डिपार्टमेंट, अमेरिका भेजा गया। पहली बार समूचे विपक्ष ने सीधे मनमोहन सिंह से इस्तीफा मांगा। आडवाणी-सुषमा समेत सभी विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने दो-टूक कहा-अब यूपीए सरकार को शासन में बने रहने का कोई हक नहीं है। विकिलीक्स के खुलासे से जनता के संदेह को और गहरा कर दिया कि वाकई में विश्वासमत हासिल करने के लिए उनकी सरकार ने सांसदों की खरीद-फरोख्त की थी?

ध्यातव्य है कि रिश्वत की बुनियाद पर सत्ता की इमारत बुलंद करने के आरोपों से कांग्रेसी सरकारों का चोली दामन का साथ रहा है। सन् 1993 में नरसिंह राव की सरकार बचाने के लिए नोटों के बंडल के इस्तेमाल के आरोप लगे। झामुमो रिश्वतखोरी कांड के नाम से इतिहास में दर्ज यह केस कांग्रेस को किस तरह से असहज करता रहा, यह किसी से छिपा नहीं है। नोट से सांसदों का वोट खरीद कर सरकार को बचाने की कोशिश का कांग्रेस का इतिहास दोहराता नजर आ रहा है।

जुलाई 2008 में परमाणु करार के बाद उपजे संकट से सरकार को उबारने के लिए घूस का पुराना नुस्खा अजमाने की कांग्रेस की कोशिश को लेकर विकिलीक्स के ताज़े खुलासे ने उसी इतिहास के समक्ष आइना फिरा दिया है। इसी मुद्दे पर बहुमत जुटाने की कोशिशों के बीच लोकसभा में नोटों के बंडल उछाले जाने का गवाह पूरा देश बना था। कुछ भाजपा सांसदों ने सपा नेता अमर सिंह पर नोट के बदले वोट खरीदने का आरोप मढ़ते हुए सदन की टेबल पर नोटों के बंडल ला पटके थे। यहाँ तक कि किशोरचंद्र देव समिति को इस मामले की जांच सौंपनी पड़ी थी। 'वोट के बदले नोट' कांड की जाँच के लिए गठित लोकसभा की समिति ने साफ लिखा था कि इस मामले में घूस दिया गया। इस संदर्भ में संजीव सक्सैना का नाम भी दर्ज था। समिति ने सिफारिश की थी मामले की उपयुक्त एजेन्सी से जांच करवाई जाए। विपक्ष का आरोप है कि क्लीन चिट की बात कहकर प्रधानमंत्री ने संसद् को गुमराह किया है जबकि तीन साल भी जांच का आदेश न देकर प्रधानमंत्री कर्तव्य की

केन्द्रीय सरकार की साख पर सवाल? ...

अवहेलना के दोषी हैं।

अब तक यह माना जा रहा था कि सारे घोटाले कीचड़ की तरह हैं और मनमोहन सिंह उन पर कमल की तरह खिले हुए हैं। वे बिल्कुल बेदाग हैं। वे मजबूर हैं। वे क्या करें? वे गठबंधन-धर्म निभा रहे हैं। ए. राजा, इसरो और थॉमस के मामलों में प्रधानमंत्री ने कहा है कि वे इतने बड़े दोषी नहीं हैं, जितना कि कहा जा रहा है। क्या इतना कह देना काफी है। सीडब्ल्यूजी, 2जी, आदर्श और थॉमस के बाद अब विकीलीक्स की फाँस गले में पड़ गई। इस रहस्योद्घाटन से प्रधानमंत्री की साफ-सुथरी छवि तहस-नहस हुई है।

महाभारत के एक प्रसंग के अनुसार, युद्ध का आंखों देखा हाल सुनते हुए धृतराष्ट्र ने संजय से पूछा कि मेरे बारे में इतिहास क्या कहेगा? उत्तर में संजय ने कहा कि महाराज, यह प्रश्न न ही पूछें तो अच्छा है, क्योंकि आप सत्य नहीं सुन सकते और असत्य मैं नहीं कह सकता। आज, हमारे प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह इसी प्रसंग को दुहरा रहे हैं। **वे अपनी काबिलियत और ईमानदारी पर यकीन करने के लिए व्यर्थ की दुहाई दे रहे हैं। खुद की इस ईमानदारी का कोई अर्थ नहीं है अगर आपके आस-पास के लोग वैसे नहीं हों, जैसे होने चाहिए।**

एक बार कन्फ्यूशियस के किसी शिष्य ने पूछा - 'अच्छी सरकार किसे कहते हैं?' महान दार्शनिक का उत्तर था - 'जिसके पास पर्याप्त धन हो, अस्त्र-शस्त्र हों तथा जिस पर जनता का विश्वास हो।' शिष्य ने पुनः पूछा - 'मान लीजिए, तीनों बातें न मिल सकें?' गुरु ने कहा - 'इनमें से अस्त्र-शस्त्रों को गौण माना जा सकता है।' शिष्य की जिज्ञासा शान्त न हुई उसने फिर प्रश्न किया - 'यदि इन तीनों चीज़ों में से केवल एक ही रखना हो तो कौन सी पसन्द करेंगे?' दार्शनिक का गंभीर मुद्रा में उत्तर था - **'जनता का विश्वास। यदि यह न हो तो उस सरकार को रहने का, शासन करने का कोई अधिकार नहीं। आज केन्द्र में सरकार की यही नियति हो गई है। आज जनता पूछ रही है जिस व्यक्ति पर भ्रष्टाचार का मुकदमा चल रहा है, वह देश के भ्रष्टाचारियों पर निगरानी रखेगा, यह तय करने वाले नेताओं को अपने पदों पर बने रहने का कितना नैतिक अधिकार रह गया है? लोग पूछ रहे हैं कि इतने स्वच्छ प्रधानमंत्री की सरकार इतनी भ्रष्ट कैसे हो सकती है? वे पूछते हैं कि, इतनी भ्रष्ट सरकार का प्रधानमंत्री स्वच्छ कैसे हो सकता है?** जिसकी छत्रछाया में भ्रष्टाचार फल-फूल रहा हो। उसे आप क्या करेंगे? आडवाणी ने कहा कि 2जी स्पैक्ट्रम मामले में तो प्रधानमंत्री ने गठनबंधन पर ठीकरा फोड़ दिया। मगर बोफोर्स मामले को दफन करने और दागी व्यक्ति को सीवीसी बनाने के मामले में वह अपनी गलती को सुधार सकते थे। **अब तक लोग यह कहते थे कि सरकार भले ईमानदार न हो मगर प्रधानमंत्री ईमानदार व्यक्ति हैं।**

लेकिन, आज सभी कह रहे हैं कि पीएम का कार्यालय भी ईमानदार नहीं रहा। यह आज़ाद देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। आज केन्द्र में सबसे ज्यादा विश्वसनीयता का संकट खुद प्रधानमंत्री को लेकर हैं।

डॉ. ज्ञान प्रकाश पिलानिया
सांसद् (राज्यसभा)
डी-148 ए/2, दुर्गा मार्ग, बनी पार्क, जयपुर (राज.)
मोबाइल-9868181166

माओवादी खतरे के पीछे लश्कर का दिमाग

-रविभूषण सिन्हा

गुजरे साल 28 जून को नेपाल के मलंगवा में बैठक, अगस्त-सितम्बर में नेपाल में ही बुटवल के निकट प्रशिक्षण कैंप और हाल में भारतीय राजदूत राकेश सूद द्वारा नेपाल सरकार को लिखा पत्र साबित करता है कि अत्याधुनिक हथियारों से लैस दक्षता से बम विस्फोट कर रहे **माओवादियों की खतरनाक हरकतों के पीछे लश्कर-ए-तैयबा का दिमाग है।** पाकिस्तान का यह आतंकवादी संगठन भारत और नेपाल दोनों के माओवादियों से गठजोड़ कर चुका है। सरकार के लिए चुनौती बने नक्सली आने वाले दिनों में और ज़्यादा खतरनाक साबित हो सकते हैं। नेपाल स्थित भारतीय दूतावास के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक बुटवल के नज़दीक झारखण्ड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ व बिहार के दो सौ नक्सल कार्यकर्ताओं को **लश्कर के लतीफ खान ने** विस्फोटक हैंडल करने का प्रशिक्षण दिया। यह कार्य नेपाली माओवादियों के सक्रिय सहयोग से हुआ। **जाली नोट के लिए** कुख्यात **नेपालगंज के रशीद खान ने** कैंप के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके पहले जून में नेपाल के सरलाही जिला मुख्यालय मलंगवा में भारतीय और नेपाली माओवादियों के बीच वैचारिक व हथियारों के प्रशिक्षण के लिए बाकायदा समझौता हुआ था। मौके पर पीएलए (पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी) के लोग भी थे। इसमें भारतीय माओवादियों का पांच सदस्यीय दल शामिल हुआ। **दल का नेतृत्व कामरेड पंकज ने किया था।**

हाल ही में भारतीय राजदूत राकेश सूद ने नेपाल सरकार को पत्र लिखकर ऐसी खतरनाक गतिविधियों पर नज़र रखने और उन्हें नियंत्रित करने का अनुरोध किया है। इसके बाद नेपाली माओवादियों ने इसे आधारहीन और भारतीय प्रोपगंडा करार देना शुरू कर दिया है। नई दिल्ली में पिछले दिनों गिरफ्तार **लश्कर आतंकी उमर मदनी ने** यह बताने के बाद कि उसके आकाओं ने माओवादियों से संपर्क करने का आदेश दिया था, माओवादियों में बेचैनी है। **मदनी नेपाल में लश्कर के लिए 'मनी मैनेजर' की भूमिका निभाता था।'**

'दैनिक जागरण' दिल्ली, दिनांक 4 जनवरी 2011 से साभार

यही फर्क है हम में और उनमें

हमने उन्हें मोहाली में क्रिकेट मैच देखने के लिए बुलाया है। बड़ी संख्या में पाकिस्तानी हुक्मरां, अपने नागरिकों के साथ आए हैं। विश्व कप क्रिकेट के 'सेमी' में हम उनका 'फाइनल' स्वागत करते हैं। लेकिन, लेकिन **हम यह भूल नहीं पा रहे हैं कि पाकिस्तान से हिन्दुओं का पलायन आज भी जारी है।** धर्म पर आधारित द्विराष्ट्रवाद की सोच से पैदा हुए पाकिस्तान के भीतर, भारत के साथ धार्मिक-शत्रुवाद भी शायद नहीं मिटा है। मिट गया होता, तो वहाँ के एक **85 वर्षीय धार्मिक नेता लखीचंद गर्जी का अपहरण न हुआ होता और इस घटना के बाद हिन्दुओं ने वहाँ प्रदर्शन न किए होते।** हालाँकि बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री नवाब असलम रायसैनी की दलील थी कि इस अपहरण का कोई मज़हबी कारण नहीं लगता। उनका मानना था कि अपहरण फिरौती के लिए किया गया होगा और उन्हें जल्द छुड़ा भी लिया जाएगा। किन्तु बलूचिस्तान के कई शहरों में प्रदर्शन हुए थे और प्रदर्शनकारियों का अरोप था कि वहाँ अल्पसंख्यकों की जिन्दगी और संपत्ति की हिफाज़त में सरकार नाकाम है।

पाकिस्तान के एक प्रांत में घटित यह कोई पहली घटना नहीं थी। इसके बहुत साल पहले कराची से सिंधियों को खदेड़ने की मुहिम छेड़ी गई थी। सिखों के गुरुद्वारों की सुरक्षा को लेकर भी हंगामा हुआ था। पता नहीं जब दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने की कोशिश में बातचीत होती है, तो इस तरह की घटनाओं पर भी चर्चा होती है या नहीं? **मछुआरों और कैदियों के आदान-प्रदान होते हैं, किन्तु अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा की गारंटी माँगी जाती है या नहीं, पता नहीं?**

खैर क्रिकेट से बाहर निकल कर खबरों की रोशनी में देखें तो पता चलेगा कि **भारत से मुसलमान भाग कर पाकिस्तान नहीं जाते, क्योंकि उनके साथ, भारत में 'वैसा' सलूक नहीं किया जाता। किन्तु पाकिस्तान में हिन्दुओं पर 'ऐसे' अत्याचार होते हैं कि वे भाग कर हिन्दुस्तान आ जाएँ।** खबरों के मुताबिक पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी अभी 2 प्रतिशत है। किन्तु वहाँ के बहुसंख्यक उनके साथ अच्छा बर्ताव नहीं करते। पुश्तैनी घर छोड़ने और मंदिरों को तोड़े जाने के फर्मान वहाँ जारी होते रहते हैं। पेशावर जैसे कई शहरों में ऐसा कई बार हो चुका है। हिन्दू लड़कियों को अगवा करके उनके साथ ज़बरदस्ती शादी करने और धर्म बदलने की भी घटनाएँ हो चुकी हैं। **ऐसे मज़हबी अत्याचारों की वजह से विभाजन के बाद सन् 1948 में रह गए 18 प्रतिशत हिन्दू, अब वहाँ घट कर 2 प्रतिशत रह गए हैं।** कट्टरपंथी तालिबानी कहर अब हिन्दुओं पर भी टूटने लगा है। यह और दुःखद है कि पाकिस्तानी सरकारी तंत्र भी अब तालिबानियों के आगे घुटने टेक चुका है। एक घटना तो बड़ी पीड़ान्तक है। दुष्कर्म सिद्ध हो चुकने के बावजूद, वहाँ की एक अदालत ने एक हिन्दू लड़की के बलात्कारियों को दंड देने से यह दलील देकर इन्कार कर दिया कि लड़की ने अपनी मर्ज़ी से इस्लाम कुबूल करके उनमें से एक के साथ निकाह कर लिया है।

इतिहास साक्षी है कि मज़हबी उत्पीड़न से परेशान होकर हज़ारों हिन्दू परिवार भारत लौटे हैं। **एक आकलन के अनुसार पिछले 6 वर्षों में करीब पाँच हज़ार हिन्दू परिवार तालिबानियों के खौफ के मारे भारत लौट चुके हैं।** पीछे उनका घर-बार, कारोबार सब छूट गया है।

सरकारी आँकड़ों की भी अलग कहानी है। 4 साल पहले 2006 में भारत-पाकिस्तान के बीच 'थार-एक्सप्रेस' सेवा शुरू हुई थी। सप्ताह में एक बार कराची से चलकर भारत में बाड़मेर के मुनाबाओ बार्डर से दाखिल होकर यह ट्रेन जोधपुर तक जाती है। आँकड़ों के मुताबिक पहले साल 392 हिन्दू इस ट्रेन से भारत आए थे। सन् 2007 में यह संख्या बढ़कर 880 हो गई थी। उसके बाद यानी 2009 में 1,240 पाकिस्तानी हिन्दू आए। जबकि इस **पिछले 8 महीने में एक हज़ार हिन्दू भारत आ चुके हैं। डर के मारे, ये वापस नहीं गए। उन्हें भारत की नागरिकता चाहिए, ताकि यहाँ चैन से रह सकें।**

भारत और पाकिस्तान में, यानी हम में और उनमें, यही फर्क है कि हम अपने यहाँ अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करते हैं, **जबकि वे वहाँ अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर ज़ुल्म ढाते हैं, उनकी बेटियों का अपहरण करके जबरन उन्हें मुसलमान बनाते हैं।** और वहाँ की सरकारें कुछ नहीं कर पातीं। क्यों? क्या इसलिए कि इस्लाम में किसी हिन्दू लड़की को मुसलमान बनाना 'हज-ए-अकबरी' के समान पुण्य का काम माना जाता है? पाकिस्तान में, मुसलमान नौजवानों को यही समझाया जाता है।

ऐसे में क्या यह सही लगता है कि जिस देश की सरकार और उसका खुफिया तंत्र पड़ोसी देश के साथ दुश्मनी निभाने के लिए ऐसे सिरफिरों और 'हिन्दू द्रोहियों' की मदद करती हो, उसके साथ रिश्ते-सामान्य करने के लिए बातचीत का 'ढोंग' रचाया जाए? क्रिकेट देखने को बुलया जाए और साथ बैठ कर उसका मज़ा लिया जाए। इससे पहले 87 में जनरल ज़िया उल हक मैच देखने जयपुर आए थे और जनरल मुशर्रफ 2005 में दिल्ली। लेकिन इन 'खेलों' से क्या दुश्मनी का खेल खत्म हुआ? और अपने देश में, मुस्लिमों की स्थिति का जायज़ा लेने वाले पूर्व न्यायाधीश डॉ. राजेन्द्र सच्चर ने कहा है कि 'दुनिया के 34 प्रतिशत मुस्लिम सिर्फ भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में बसते हैं। भारत की साढ़े सात करोड़ मुस्लिम महिलाओं में से साढ़े पाँच करोड़ निरक्षर हैं। मुस्लिमों की आरक्षण की माँग कोई भीख नहीं, यह उनका संवैधानिक अधिकार है। **'काश, पाकिस्तान में भी हिन्दुओं का पक्ष लेने वाला कोई डॉ. सच्चर होता। वहाँ भी कोई नया मोहाली होता। क्रिकेट होता।**

'डेली हिन्दी मिलाप' हैदराबाद, दिनांक 30 मार्च 2011 से साभार

डर के डेरे

डॉ. जयश्री जैन, क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट

शब्दों के पैने वार किसी भी पनपते-फलते व्यक्तित्व को खत्म कर देने की कुव्वत रखते हैं। शाब्दिक हिंसा को हम अब भी ज़्यादा अहमियत नहीं देते। हमारा तर्क होता है कि कहने से क्या होता है? बुरा कहने से तो पेड़ भी मुरझा जाता है, सोचने-समझने वाले इंसान की क्या बात की जाए।

हाल ही के एक शोध से पता चला है कि भारत में 80 फीसदी से भी ज़्यादा महिलाएं शादी के बाद किसी न किसी रूप में शाब्दिक हिंसा की शिकार होती हैं।

कैसे चलते हैं शब्दों के बाण?

पुरुष जन्म के रिश्तों को पवित्र मानते हैं लेकिन स्त्री की शादी के बाद उसके जन्म के रिश्तों पर अंगुलि उठा देना बड़ी बात नहीं मानी जाती। साला-साली तो अपशब्द का रूप ले चुके हैं। कुछ लोग इसे मज़ाक का नाम दे देते हैं, लेकिन दरअसल यह हिंसा है। किसी भी इंसान की क्षमताओं पर बार-बार प्रश्न-चिह्न लगाना हिंसा है। 'तुम से यह काम नहीं हो सकता।' 'तुम केवल नुकसान कर सकती हो' 'बच्चों को पालना तुम्हारे बस का काम नहीं लगता।' 'कभी कुछ वक्त पर किया है?' 'तुम्हारा कोई भविष्य नहीं' - जैसे जुमले अक्सर महिलाएं घर में सुनती रहती हैं।

क्या होता है असर?

शब्दों के तीरों से मन आहत होता है, जिसका असर शरीर पर पड़ना लाज़मी है। विज्ञान के लहजे़ से समझें, तो दिमाग का एक हिस्सा सेरिब्रम, जो हमारी विचारशीलता के लिए जिम्मेदार है, अगर लगातार तनाव में रहे, तो उसकी क्षमताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे में सामान्य व्यवहार तो दूर, इंसान रिलैक्स महसूस भी नहीं कर पाता। कुछ लक्षण तो सामान्यत: दिखते हैं :-

1. असहज रहने लगना। पति या जिस व्यक्ति के शब्द बाण आहत करते हैं, उसके सामने आते ही असहज हो जाना, डरने लगना कि कहीं कोई गलती न हो जाए।

2. निर्णय न कर पाना। इस बात से आक्रांत रहना कि फैसला गलत हो गया, तो क्या सुनने को मिल सकता है। यही लक्षण समस्या बढ़ जाने पर आत्मग्लानि का रूप ले लेता है। महिलाएं हर बात के लिए खुद को दोषी मानने लगती हैं।

3. खुद को असफल मान लेना। खुद की क्षमताओं पर अविश्वास करने लगना।

जब समस्या बढ़ जाए तो शाब्दिक हिंसा का स्तर बहुत बढ़ जाए, तो लक्षणों में कुछ पक्ष और जुड़ जाते हैं-

1. चिड़चिड़ापन, इसके फलस्वरूप अकारण सिरदर्द की शिकायत रहने लगती है। नींद न आना भी एक लक्षण के रूप में उभरता है।

2. आत्मदंडात्मक सोच (खुद को सज़ा देने की इच्छा)।

3. आत्मघृणा।

4. कब्ज़। चूंकि दिमाग हर समय सोचता रहता है, तनाव में रहता है, लिहाज़ा रक्त का प्रवाह भी उसी ओर अधिक रहता है। इसी के चलते पाचन क्रिया प्रभावित होती है।

उपाय खोजना ज़रूरी है

शाब्दिक हिंसा के साथ तालमेल बैठा लेना या पलायनवादी सोच के ज़रिए मन को कहीं और लगा लेना उपाय नहीं है। जो इंसान शब्दों के तीर चला रहा है, उसे सम्भालना होगा। यह समस्या बनी रही, तो भावी पीढ़ियों को भी इसका सामना करना होगा। बच्चे इससे प्रभावित होंगे और बाद में उनके बच्चे भी। यह समझना ज़रूरी है कि कोई भी व्यक्ति किसी और से कड़वे, चुभने वाले, आहत करने वाले शब्द क्यों बोलता है।

इसके तीन कारण हैं - पहला, वह व्यक्ति स्वयं बचपन में ऐसी हिंसा का शिकार हुआ हो। दूसरा, उसे किसी तरह की कमतरी का अहसास हो। और तीसरा कि वह दूसरों पर आधिपत्य जमाने वाली सोच रखता हो।

कैसे होगा निदान?

वह व्यक्ति चाहे पति हो, पिता हो, पत्नी हो या कोई और, आपको उसे बताना होगा कि ऐसा व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। कहने का ढंग सौम्य, सहज लेकिन दृढ़ता भरा होना चाहिए। आरोप लगाने की बजाए, बातचीत का ज़रिया अपनाएं। उसे बताएं कि बुरा बोलने के नतीजे रिश्तों के लिए ठीक नहीं है। फिर उसकी मदद करने की बात करें। सहमति मिलने पर 15-!5 दिन पर उसके व्यवहार को रिकॉर्ड करके उसे बताएं। अगर वह सचमुच अपने रवैये में तब्दीली लाना चाहेगा, तो आपको ज्यादा कुछ नहीं करना पड़ेगा। अगर आपस में चर्चा से बात न बनती हो, तो काउंसलर की मदद ली जा सकती है।

शाब्दिक हिंसा का निदान ज़रूरी है। सुरक्षित और सम्माननीय महसूस करना हर इंसान का हक है।

'दैनिक भास्कर' (मधुरिमा), 27 अप्रैल 2011 से साभार

मोदी की राजनीतिक घेरेबंदी

-अरविंद जयतिलक

गुजरात दंगों का बवंडर अनायास एक बार फिर उठ खड़ा हुआ है। गुजरात के आइपीएस अधिकारी संजीव भट्ट ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दाखिल कर गुजरात दंगों में पुलिस की अकर्मण्यता और एसआइटी जांच को लेकर एक निरर्थक सवाल को आगे बढ़ाया है। संजीव भट्ट ने दावा किया है कि गोधरा ट्रेन हादसे के ठीक बाद शाम को नरेन्द्र मोदी की बैठक में वह खुफिया अधिकारी की हैसियत से शामिल हुए थे जिसमें मोदी ने पुलिस को निष्क्रिय रहने के संकेत दिए थे। संजीव भट्ट के इस हलफनामे में कितनी सच्चाई है आज नहीं तो कल इस पर से पर्दा उठ ही जाएगा, लेकिन दंगों के दौरान राज्य के तत्कालीन पुलिस महानिदेशक के.चक्रवर्ती ने साफ कर दिया है कि उस वक्त वह बैठक में उपस्थित ही नहीं थे। के.चक्रवर्ती के खुलासे में दम इसलिए नज़र आता है कि वह संजीव भट्ट से जुड़े तथ्यों को दंगों की जांच कर रहे विशेष जांच दल के समक्ष पहले ही रख चुके हैं।

एक बड़ी त्रासदी यह है कि संजीव भट्ट के हलफनामे की सच्चाई को जाने बगैर देश भर में नए सिरे से वितंडा खड़ा किया जा रहा है और नरेन्द्र मोदी की सरकार पर चाबुक चलाया जा रहा है। भट्ट यह भी कह रहे हैं कि हलफनामें के पीछे उनका कोई विशिष्ट उद्देश्य नहीं है और वह बस अपने अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं। **सवाल है कि दंगों के दौरान राज्य और जनता के प्रति उनकी जवाबदेही कहां थी? घटना के नौ वर्ष गुज़र जाने के बाद आज अगर उनकी कर्तव्यनिष्ठा हिलोरें मार रही है तो देश ज़रूर जानना चाहेगा कि आखिर इसके पीछे कौन-सी संजीवनी काम कर रही है? संजीव भट्ट की कर्तव्यपरायणता का भाव अचानक पनपना कई तरह के सवाल खड़े करता है?** दंगों को रोकने में गुजरात सरकार की लापरवाही पर आखिर उन्होंने पूरी जानकारी राज्यपाल और केन्द्र सरकार को क्यों नहीं दी? संभव था कि जो खुलासा वह आज कर रहे हैं अगर उस वक्त किए होते तो दंगों में जान गंवाने वाले सैंकड़ों निर्दोष लोगों की जानें बच सकती थीं। **इस आधार पर क्या वह भी सजा के हकदार नहीं हैं?**

संजीव भट्ट की इस दलील का भी कोई मतलब नहीं है कि 2002 से 2009 के बीच दंगों की जांच करने वाली एसआइटी ने उन्हें नहीं बुलाया और न ही नानावटी आयोग ने उनकी ज़रूरत समझी। क्या एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी होने के नाते वह खुद एसआइटी और नानावटी आयोग के समक्ष नहीं जा सकते थे। यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो इसका अर्थ है किउनका हलफनामा सच के निकट नहीं है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि संजीव भट्ट उच्चतम न्यायालय की देखरेख में गठित एसआइटी द्वारा किए जा रहे दंगों की जांच पर भी सवाल उठा रहे है? उनका मानना है कि एसआइटी मामले की जांच ठीक से नहीं कर रही है और उनके द्वारा दिए गए बयान को वह लीक कर रही है। उन्होंने अपने हलफनामें में उन्हीं आरोपों को दोहराया है जिसे एक ज़माने से राजनीतिज्ञों द्वारा उछाला जा रहा है।

संजीव भट्ट के बुनियादहीन आरोपों में सियासत की गंध लग रही है और उनका आचरण राजनीतिक है। अब जब 27 अप्रैल को गुजरात दंगों के मामले में उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होनी है और इसके ठीक पहले संजीव भट्ट का हलफनामा उच्चतम न्यायालय में दाखिल किया गया है तो विपक्षी दलों का नरेन्द्र मोदी पर वार करते हुए उनसे इस्तीफा मांगना कई सवाल खड़े करता है? **जब गुजरात दंगों की जाँच उच्चतम न्यायालय की देखरेख में ठीक ढंग से चल रही है और राज्य सरकार भी पूरी तन्मयता से सहयोग कर रही है, ऐसे में हर रोज नए-नए प्रपंच के सहारे वितंडा खड़ा करना क्या न्यायिक प्रक्रिया में बाधा पहुँचाना नहीं हुआ? जनता द्वारा निर्वाचित सरकार को जानबूझकर खलनायक के तौर पर प्रस्तुत करना क्या गुजरात की सम्मानित जनता का अपमान नहीं है।**

गुजरात सरकार की मंशा और नीयत पर सवाल उठाने वालों से पूछा जा सकता है कि क्या गुजरात के अलावा किसी अन्य राज्य में हुए दंगों की इतनी निष्पक्ष जाँच अब तक हुई है? बिहार में कांग्रेस सरकार के दौरान ही भागलपुर में दंगा हुआ, हज़ारों की संख्या में लोग मारे गए, लेकिन कांग्रेस सरकार जब तक सत्ता में रही एक भी दंगाई को सजा नहीं मिली। अब जब नीतीश सरकार सत्ता आई है तो भागलपुर दंगे की जाँच चल रही है और गुनाहगार जेल जा रहे हैं। सन् 1984 के सिक्ख दंगों के आरोपी आज भी साक्ष्यों की उपलब्धता के बावजूद कानून की पकड़ से बाहर हैं। आखिर सिक्ख दंगों के लिए जिम्मेदार लोगों पर संप्रग सरकार क्यों नहीं कानून का डंडा चला पा रही है।

'दैनिक जागरण' दिल्ली, दिनांक 27 अप्रैल 2011 से साभार

सांस्कृतिक गौरव संस्थान द्वारा पटना में आयोजित गोष्ठी की रपट

प्रो. देवेन्द्र प्रसाद सिंह

